देश-विदेश

# उप-क्षेत्रीय कार्यालय, गुरुग्राम ने ईएसआईसी की एसपीआरईई 2025 पहल पर जागरूकता अभियान चलाया

2025-08-13 07:28 PM 22

Share Share




देलही : कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा शुरू की गई "नियोक्ता और कर्मचारी पंजीकरण प्रोत्साहन स्कीम (एसपीआरईई 2025)" एक विशेष पहल है जिसका उद्देश्य

देलही : कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा शुरू की गई "नियोक्ता और कर्मचारी पंजीकरण प्रोत्साहन स्कीम (एसपीआरईई 2025)" एक विशेष पहल है जिसका उद्देश्य ईएसआई अधिनियम के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है। इस स्कीम का शुभारंभ केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया और यह 1 जुलाई, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक प्रभावी रहेगी। एसपीआरईई 2025 के तहत, अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों, जिनमें संविदा और अस्थायी कर्मचारी भी शामिल हैं, को निरीक्षण या पिछले बकाया की मांग का सामना किए बिना पंजीकरण कराने का एकमुश्त अवसर प्रदान किया जाता है। इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु, ईएसआईसी उप-क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा गुरुग्राम औद्योगिक संघ परिसर में एक संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, निदेशक (प्रभारी) ने नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को एसपीआरईई 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गुरुग्राम औद्योगिक संघ के अध्यक्ष जे.एन. मंगला, गुड़गांव उद्योग संघ के सुमित राव, गुरुग्राम औद्योगिक संघ के महासचिव संजीव बंसल एवं 60 से अधिक अन्य नियोक्ता इस अवसर पर उपस्थित थे।

संगोष्ठी के अतिरिक्त, एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया, जिसमें सीमा कपूर, सुनील, विनीता, अंकुर कोहली, शुभम एवं सुनील ने प्रतिभागियों को उपरोक्त योजना के अंतर्गत ईएसआईसी द्वारा प्रदान की जाने वाली पंजीकरण सुविधाओं, अन्य लाभों एवं चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। इस नाटक के माध्यम से ईएसआईसी योजनाओं और बीमारी में मिलने वाले लाभ, चिकित्सा लाभ, विकलांगता लाभ, मातृत्व लाभ और आश्रित लाभ के साथ-साथ ईएसआईसी अस्पतालों और पैनल अस्पतालों में प्रदान की जाने वाली विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रसारित की गई।

कार्यक्रम में कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, निदेशक (प्रभारी), जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक कमलेंद्र कुमार, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विकास, जयप्रकाश यादव, मनोज सचदेवा और अंकित भी उपस्थित थे।

संगोष्ठी के अतिरिक्त, एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया, जिसमें सीमा कपूर, सुनील, विनीता, अंकुर कोहली, शुभम एवं सुनील ने प्रतिभागियों को उपरोक्त योजना के अंतर्गत ईएसआईसी द्वारा प्रदान की जाने वाली पंजीकरण सुविधाओं, अन्य लाभों एवं चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। इस नाटक के माध्यम से ईएसआईसी योजनाओं और बीमारी में मिलने वाले लाभ, चिकित्सा लाभ, विकलांगता लाभ, मातृत्व लाभ और आश्रित लाभ के साथ-साथ ईएसआईसी अस्पतालों और पैनल अस्पतालों में प्रदान की जाने वाली विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रसारित की गई।

कार्यक्रम में कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, निदेशक (प्रभारी), जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक कमलेंद्र कुमार, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विकास, जयप्रकाश यादव, मनोज सचदेवा और अंकित भी उपस्थित थे।